संख्या- 02 / 2018/3152/24-1-17-1870(बजट)/2017

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 02 जनवरी, 2018**

विषय:-भारत सरकार की पी0एस0डी0एफ0 योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों हेतु अंशपूँजी निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या - 1379/मु0म0प्र0 (वित्त) / वि0प्र0 - 2/299/ आय-व्ययक /2017-18, दिनांक 12 दिसम्बर, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार की पी0एस0डी0एफ0 योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 में अंशपूँजी मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 24,22,30,000/- (रूपये चौंबीस करोड़ बाइस लाख तीस हजार मात्र) में से धनराशि रूपये 5,64,00,000/- (रूपये पॉच करोड़ चौसठ लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। अब अवशेष धनराशि रूपये 18,58,30,000/- (रूपये अठ्ठारह करोड़ अठ्ठावन लाख तीस हजार मात्र) स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

2- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण दो मासिक किश्तों में माह दिसम्बर, 2017 में धनराशि रूपये 10,80,00,000/- (रूपये दस करोड़ अस्सी लाख मात्र) एवं माह फरवरी, 2018 में धनराशि रूपये 7,78,30,000/- (रूपये सात करोड़ अठहत्तर लाख तीस हजार मात्र) वास्तविक आवश्यकता होने पर किया जायेगा।

3- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश लखनऊ/ इलाहाबाद और ऊर्जा विभाग, तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

5- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

6- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक ''4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-05-संचरण तथा वितरण -190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-12-भारत सरकार की पावर सेक्टर डेवलपमेन्ट फण्ड योजनान्तर्गत पारेषण कार्यों हेतु अंशपूँजी विनियोजन-30- निवेश/ऋण'' के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

8- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0- 207 /दस-2017, दिनांक 29 दिसम्बर, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या- 02 /2018/3152(1)/24-1-17, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (वयय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in